उज्जीवन फाइनेंस का आईपीओ 28 अप्रेल को खुलेगा

अहमदाबाद

उज्जीवन फाइनेंसियल सर्विसेज लिमिटेड (''यूएफएस'' या ''कंपनी'') एक गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनी – माइक्रो फाइनेंस संस्थान (नोन बैंकिंग फाइनेंसियल कंपनी – माइक्रो फाइनेंस इंस्टीट्यूशन (''एनबीएफसी–एमएफआई'') – है जिसने एक गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनी (नॉन बैंकिंग फाइनेंसियल कंपनी) के तौर पर 2005 में परिचालन शुरू किया था। 31 दिसंबर, 2015 तक यूएफएस ने 470 शाखाओं और 7,862 कर्मचारियों के नेटवर्क के माध्यम से 24 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 27.7 लाख सक्रीय ग्राहकों को सेवाएँ प्रदान की हैं। आईपीओ 28 अप्रेल, 2016 को खुल रहा है और 02 मई, 2016 को बंद हो रहा है, रु.10 प्रति इक्विटी शेयर के अंकित मूल्य के रु.207 – रु.210 प्रति इक्विटी शेयर के मूल्य बंद के साथ। मुख्य निवेशक के लिए बोली/प्रस्ताव अवधि खुलने की तिथि से एक कार्य दिवस पूर्व यानि कि 27 अप्रेल, 2016 होगी।

इस आईपीओ में कंपनी द्वारा जारी किये गए कुल रु.34,816.1 लाख तक के नए इक्विटी शेयर हैं और एलेवर एफएमओ, आईएफसी, आईएफआईएफ, एमयूसी, सर्वा कैपिटल, डब्ल्यूसीपी द्वारा 24,968,332 तक इक्विटी शेयरों के विक्रय का प्रस्ताव है। बीआरएलएम्स के साथ परामर्श के बाद कंपनी ने कुल रु.29,183.9 लाख के नगद अनुमान हेतु 14,236,057 इक्विटी शेयरों का आईपीओ–पूर्व निर्धारण पूरा कर लिया है। जैसा कि दिनांक 31 दिसंबर 2015 के ड्राफ्ट रे हेरिंग प्रॉस्पेक्टस मे दर्शाया गया है नए निर्गम का आकार, जो रु. 65,000 लाख है, आवश्यकतानुसार घटाया गया है।